-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 03.11.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **खाकी ने फिर निभाया इंसानियत का फर्ज, पुलिसकर्मी ने रक्तदान कर मासूम बच्ची को दिया जीवनदान।**

❖ **थाना बिसंडा के सिंहपुर चौकी में तैनात पुलिस कर्मी ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए बीमार बच्ची की रक्तदान कर बचायी जान।**

विवरण- बांदा पुलिस का मानवीय चेहरा एक बार फिर देखने को मिला, जब थाना बिसंडा की सिंहपुर चौकी में तैनात आरक्षी अनमोल गौतम ने अपने कर्तव्य से आगे बढ़कर मानवता की मिसाल पेश की। जब एक पिता अपनी तीन वर्षीय बीमार बेटी की जिन्दगी बचाने के लिए मदद हेतु पुलिस के पास पहुंचा, तब ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी उसके लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 03.11.2026 को थाना बिसंडा क्षेत्र के सिंहपुर निवासी भैरव सिंह अपनी तीन वर्षीय बीमार बेटी के लिए मदद की आस लेकर चौकी सिंहपुर पहुंचे। उनकी मासूम बेटी पीलिया से ग्रसित होने के कारण रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, बांदा में भर्ती थी, जहां उपचार के दौरान उसे रक्त की तत्काल आवश्यकता थी। एक पिता अपनी नन्ही बच्ची की जिंदगी बचाने के लिए बेहद चिंतित था और उसकी आंखों में बस एक ही उम्मीद थी कि कहीं से मदद मिल जाए। पिता की पीड़ा और मासूम की जिंदगी की चिंता को समझते हुए चौकी सिंहपुर में तैनात आरक्षी अनमोल गौतम ने बिना किसी देरी और संकोच के रक्तदान करने का निर्णय लिया। वह तत्काल भैरव सिंह के साथ रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, बांदा पहुंचे और बच्ची के लिए स्वेच्छा से रक्तदान किया। समय पर रक्त उपलब्ध होने से मासूम को उपचार में मदद मिली तथा एक पिता की चिंता को राहत, एक परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौटी और एक मासूम को जिंदगी की उम्मीद मिली। इस मानवीय सहयोग से भावुक परिजनों ने आरक्षी का हृदय से आभार व्यक्त किया। आरक्षी के इस सराहनीय मानवीय प्रयास ने न केवल एक मासूम को जीवन की नई उम्मीद दी, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खाकी का फर्ज सिर्फ सुरक्षा तक ही सिमित नहीं, बल्कि इंसानियत के हर मुश्किल वक्त में किसी के लिए उम्मीद बनकर खड़ा है।